पाठ 27

कोशिश हुई कामयाब

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 212)

प्रश्न 1. तुम स्कूल कैसे जाते हो?
उत्तर: में साइकिल से स्कूल जाता हूँ।

प्रश्न 2. पता करो, लद्दाख कहाँ है। वह कैसा इलाका है?
उत्तर: लद्दाख कश्मीर में है। यह भारत की सबसे ऊँची पठारी है। यह समुद्र तल से 3000 मीटर की ऊँचाई पर है। यह एक बहुत ही ठंढ़ा इलाका है।

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 213)

प्रश्न 1. तुम्हें स्कूल में क्या-क्या करना अच्छा लगता है?
उत्तर: मुझे स्कूल में पढ़ना, अच्छी बातें सीखना तथा दोस्तों के साथ खेलना अच्छा लगता है।

प्रश्न 2. तुम्हें क्या स्कूल जाना अच्छा लगता है?
उत्तर: हाँ, मुझे स्कूल जाना बहुत अच्छा लगता है।

प्रश्न 3. यदि तुम कभी स्कूल नहीं जा पाते, तो तुम्हें कैसा लगता?
उत्तर: यदि मैं कभी स्कूल नहीं जा पाता हूँ, तो मुझे अपने दोस्तों की याद आती है तथा बहुत बुरा लगता है।

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 215)

बताओ

प्रश्न 1. चुसकिट किस-किस की मदद से स्कूल पहुँच पाई?
उत्तर: चुसकिट अब्दुल, स्कूल के बच्चों तथा स्कूल के शिक्षकों की मदद से स्कूल पहुँच पाई।

प्रश्न 2. अगर तुम अब्दुल होते, तो तुम क्या-क्या करते?
उत्तर: यदि मैं अब्दुल होता तो मैं भी चुसकिट को स्कूल पहुँचाने में अब्दुल की तरह ही मदद करता।

प्रश्न 3. चुसकिट स्कूल तो पहुँच गई। पर स्कूल के अंदर उसे कुछ परेशानियाँ हो सकती हैं? कौन-कौन सी?
उत्तर: चुसकिट को स्कूल में घूमने में, एक क्लास से दूसरे क्लास तक जाने में तथा खेलने में परेशानी हो सकती है।

प्रश्न 4. अगर तुम चुसकिट के दोस्त होते, तो उसकी मदद कैसे-कैसे करते?
उत्तर: मैं चुसकिट को उसके व्हील चेयर पर स्कूल में घुमाता, उसके साथ स्कूल के मैदान में खेलता तथा खेलने में उसकी मदद करता।

प्रश्न 5. क्या तुम्हारे स्कूल में पहियों वाली कुर्सी के लिए रैंप बने हैं?,
उत्तर: हाँ, मेरे स्कूल में पहियों वाली कुर्सी के लिए रैंप बने हैं।

प्रश्न 6. क्या तुम्हारे घर के आस-पास कोई ऐसा बच्चा रहता है, जिसे किन्हीं कारणों से स्कूल जाने में परेशानी हो रही हो?
उत्तर: हाँ, मेरे घर के पास एक बच्चा है, जो स्कूल नहीं जाता है क्योंकि वह अंधा है।

प्रश्न 7. क्या तुम उस बच्चे की मदद करना चाहोगे? कैसे?
उत्तर: मैं उसके माता-पिता को समझाऊँगा कि उसे स्कूल भेजें। मैं उसे स्कूल जाने में मदद करूंगा।

प्रश्न 8. अपने घर के आस-पास की इमारतों को देखो। क्या उनमें पहियों वाली कुर्सी अंदर ले जाने की सुविधा है?
उत्तर: नहीं, उन घरों में पहिये वाली कुर्सी अंदर ले जाने की सुविधा नहीं है।

आओ, बना कर देखें

प्रश्न 1. रैंप और पहियों वाली कुर्सी का चित्र कॉपी में बनाओ।
उत्तर: रैंप और पहियों वाली कुर्सी



प्रश्न 2. तुम भी अपना एक पुल बनाओ। इसके लिए सामान तुम्हें अपने आस-पास ही मिल सकता है, जैसे-आइसक्रीम की इंडियाँ, प्लास्टिक के चम्मच, छोटी डंडियाँ, रस्सी, सुतली आदि। अपने सारे दोस्तों को भी पुल बनाने के लिए कहो।
उत्तर:



प्रश्न 3. अब समूह के साथ मिलकर एक मॉडल बनाओ। मॉडल में खेत, नदियाँ, पर्वत, सड़क और रेल की पटरियाँ बनाओ। इसके लिए तुम चिकनी मिट्टी, रेत, कंकड़-पत्थर के टुकड़े, टहनी आदि काम में ले सकते हो। अब इस मॉडल में अलग-अलग जगहों पर पुल रखो।
उत्तर: स्वयं करो।

प्रश्न 4. चुसकिट को स्कूल पहुँचाओ

उत्तर: